Regarding Need to set up horticulture-based Food Processing Unit in Weir Assembly Segment in Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्रीमती संजना जाटव **(भरतपुर) :** मैं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री का ध्यान मेरे संसदीय निर्वाचन भरतपुर (राजस्थान) अंतर्गत वैर विधान सभा क्षेत्र से संबंधित एक महत्वपूर्ण, कृषि-आधारित मामले की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ- संसदीय क्षेत्र भरतपुर की वैर विधानसभा कृषि प्रधान है और यहाँ की जलवायु व मिट्टी बागवानी फसलों जैसे अमरूद, नींबू, या सब्जियां, के लिए अत्यंत उपयुक्त है । स्थानीय किसान बड़ी मात्रा में इन फसलों का उत्पादन करते हैं । उचित प्रसंस्करण सुविधाओं और स्थानीय बाजार के अभाव में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है । फसल खराब होने का जोखिम बना रहता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है । यदि वैर क्षेत्र में एक सरकारी या निजी क्षेत्र की फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाती है, तो इससे स्थानीय स्तर पर बागवानी को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा । यह यूनिट किसानों की आय को दोगुना करने में मदद करेगी, फसल की बर्बादी रोकेगी और क्षेत्र में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी । अतः मेरा केंद्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से पुरजोर अनुरोध है कि वे इस गंभीर मामले पर तत्काल संज्ञान लें और वैर विधानसभा क्षेत्र में बागवानी आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने हेतु अविलंब आवश्यक कदम उठाएँ, ताकि किसानों का हित सुनिश्चित हो सके ।